Bareilly, Monday,
14 November 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 TOP

एक पारी, 110 रन से हारा नागालैंड

यूपी के 319 रनों के जवाब में नागालैंड की टीम ने दोनो पारियों में बनाए 209 रन

बेहतर प्रदर्शन पर किया गया पुरस्कृत.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (13 Nov): एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में चल रही कूच बिहार ट्रॉफी मैच में उत्तर प्रदेश की टीम ने नागालैंड को एक पारी और 110 रनों से हरा दिया. पहली पारी में 116 रन बनाने के बाद 203 रनों से पिछड़ी नागालैंड की टीम फालोआन खेलते हुए दूसरी पारी में मात्र 93 रन पर पवेलियन लौट गई.

गिरते रहे विकेट

चार दिवसीय मैच के दो दिन में ही समाप्त होने पर दर्शकों ने आश्चर्य जताया. बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट के अंतर्गत कूच बिहार ट्रॉफी के अंडर-19 के चार दिवसीय मैच के दूसरे दिन श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को नागालैंड की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 73 रन से आगे खेलना शुरू किया. उसके विकेट जल्दी गिरते रहे और पूरी टीम पहली पारी में 45.5 ओवर में 116 रन पर पवेलियन वापस लौट गई. इसमें कप्तान युगांधर ने 17, केनिजीटो रियो ने 26 और सैमुअल जैपुटो ने 15 रन बनाए. अन्य कोई दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया.

विराट ने झटके पांच विकेट

पहली पारी में 203 रन से पिछड़ने पर नगालैंड को उप्र ने फालोआन दिया. नगालैंड की टीम ने दूसरी पारी की शुरुआत की. उप्र के गेंदबाज विराट जायसवाल ने 24 रन देकर पांच विकेट लिए और टीम को बड़ा झटका दिया.